आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 18.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- चमोली जिले के भराड़ीसैंण विधानसभा में कल से शुरू हो रहे मानसून सत्र की सभी तैयारियां पूरी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गैरसैंण–भराड़ीसैंण पहुंचे।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जर्जर हो चुके विद्यालयों का कायाकल्प किया जायेगा।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी। पौड़ी, बागेश्वर, पिथौरागढ़, हरिद्वार और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट।

विधानसभा सत्र तैयारी

चमोली जिले के गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानभवन में कल से शुरू हो रहे मानसून सत्र की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने विधानसभा भवन परिसर और आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई है और विधानसभा परिसर व मार्गों पर जगह–जगह बैरिकेडिंग लगाई गई है। पुलिस बल के साथ ही पीएसी के जवान भी तैनात किए जा रहे हैं। इसके अलावा संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ हो सके। यातायात व्यवस्था को देखते हुए सड़कों की मरम्मत और सफाई कार्य पूरे कर लिए गए हैं। विधानसभा परिसर और आस–पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं को भी दुरुस्त किया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार मानसून सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधानसभा सत्र में भाग लेने के लिए आज गैरसैंण–भराड़ीसैंण पहुंचे।

शिक्षा मंत्री बैठक

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून में विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद– एससीईआरटी की नियमावली पर विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने एससीईआरटी में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने के भी निर्देश दिये, ताकि शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी हो सके।

डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कर शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा मिल सके और उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

## उप राष्ट्रपति उम्मीदवार

महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। श्री नड्डा ने कहा कि गठबंधन के सभी सहयोगियों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य सभी दलों के साथ समन्वय स्थापित कर उपराष्ट्रपति चुनाव सर्वसम्मति से कराना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के इस फैसले का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री राधाकृष्णन ने सार्वजनिक सेवा के लम्बे दौर में अपनी विनम्रता, बुद्धिमत्ता और समर्पण से अलग पहचान बनायी है। विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा जनसेवा और समाज के वंचित वर्गों के सशक्तिकरण पर ध्यान दिया।

प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री राधाकृष्णन एक सशक्त और प्रेरक उपराष्ट्रपति होंगे। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी श्री राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार मनोनीत किये जाने पर बधाई दी है।

## स्लॉटर हाउस चम्पावत

चम्पावत जिले के लोहाघाट नगर में जिले का पहला स्लॉटर हाउस बन रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नगर पालिका के माध्यम से इस स्लॉटर हाउस का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे भविष्य में खुले में पशुओं का वध नहीं हो सकेगा। नगर पालिका लोहाघाट के अधिशासी अधिकारी सौरभ नेगी ने बताया कि लोगों की मांग और स्वच्छता को देखते हुए नगर की मीट मंडी के पास 22 लाख रुपए की लागत से स्लॉटर हाउस का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण के बाद कचरा निस्तारण यूनिट बनाने का कार्य भी प्रस्तावित है।

## कैलाश मानसरोवर दल

कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी कर श्रद्धालुओं का चौथे दल ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया। भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों ने पिथौरागढ़ में लिपुलेख दर्रे पर यात्रियों का स्वागत किया। सड़क मार्ग की अनुकूल स्थिति को देखते हुए धारचूला में तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता अपनाई जा रही है और तीर्थ यात्रियों के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।

जर्जर विद्यालय

प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जर्जर हो चुके विद्यालयों का कायाकल्प किया जायेगा। इसके लिये विभागीय स्तर पर जिलावार क्षतिग्रस्त विद्यालयों को ए, बी, सी और डी श्रेणी में चिन्हित किया गया है। 'सी' श्रेणी में चिन्हित चार जिलों के 10 विद्यालयों में निर्माण और मरम्मत आदि कार्यों के लिये कार्यदायी संस्था नामित कर कुल 14 करोड़ 39 लाख रुपए की धनराशि के आगणन को विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंजूरी दे दी है। इसके अलावा 'डी' श्रेणी में चिन्हित छह विद्यालयों के लिये भी कार्यदायी संस्था का चयन कर लिया गया है। विद्यालयी शिक्षा विभाग में मरम्मत योग्य विद्यालयों का सरकार द्वारा जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसके लिये क्षतिग्रस्त विद्यालयों को चार श्रेणियों में बंटा गया है। इसके लिये खण्ड शिक्षा अधिकारियों को अपने–अपने विकासखण्ड के अंतर्गत ऐसे विद्यालयों का चिन्हिकरण कर प्रस्ताव शिक्षा महानिदेशायल को उपलब्ध कराने के निर्देश पूर्व में जारी किये गये थे। इसी क्रम में टिहरी, पौड़ी, देहरादून व ऊधमसिंह नगर जनपद के अंतर्गत 'सी' श्रेणी में चिन्हित 10 क्षतिग्रस्त विद्यालयों में भवन निर्माण और अन्य अवस्थापना कार्य हेतु कार्यदायी संस्था नामित कर दी गई है। डॉ. रावत ने इन विद्यालयों में निर्माण कार्यों के लिए धन की कोई कमी आड़े नहीं आएगी।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज पौड़ी, बागेश्वर, पिथौरागढ़, हरिद्वार और नैनीताल जिलों में कहीं कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि राज्य के सभी जिलों में कहीं–कहीं तेज दौर की बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, भूस्खलन और मलबा आने के कारण राज्य के कुछ राष्ट्रीय राजमार्गों सहित ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाली सम्पर्क मार्ग बाधित हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के जगह–जगह भूस्खलन के कारण बाधित होने से यातायात प्रभावित हुआ है। सीमा सड़क संगठन की मशीनरी मार्ग को आवाजाही के लिए खोलने में जुटी है, लेकिन पहाड़ी से लगातार गिर रहे मलबे के कारण मार्ग खोलने में भारी दिक्कतें आ रही है। उधर, भटवाड़ी से आगे सालंग पुल की तरफ गंगोत्री राजमार्ग करीब 100 मीटर दायरे में भूधंसाव की चपेट में है। राजमार्ग पर बड़ी दरारें आई हैं, जिससे आवागमन कठिन बना हुआ है। इसके अलावा गंगोत्री राजमार्ग डबरानी और सोनगाड़ के बीच जगह–जगह भूधंसाव के चलते पिछले 13 दिन से यातायात के लिए बाधित है। इन स्थानों पर बीआरओ की मशीनें जुटी हैं, लेकिन मार्ग खुलने में अभी एक सप्ताह तक का समय लगने की संभावना है। उधर, बागेश्वर जिले के अधिकांश क्षेत्रों में रुक–रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए जिले में कक्षा एक से कक्षा बारह तक के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में आज अवकाश घोषित किया गया है।

<u>शोधार्थी तिथि</u>

उत्तराखंड राज्य संयुक्त पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2024 के माध्यम से कुमाऊं विश्वविद्यालय के परिसरों और संबद्ध राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेशित प्री–पीएचडी कोर्स वर्क – शैक्षणिक सत्र 2024–25 कर रहे शोधार्थियों के लिए लघुशोध जमा करने की तिथि बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की ओर से जारी सूचना के अनुसार शोधार्थी अपना लघुशोध अपने शोध निर्देशक से अग्रसारित कर निर्धारित अवधि में जमा कर सकेंगे। बिना विलंब शुल्क के लघुशोध जमा करने की अंतिम तिथि आगामी पहली सितम्बर निर्धारित की गई है। इसके बाद दो सितम्बर से 15 सितम्बर तक एक हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ और 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक दो हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ लघुशोध जमा किया जा सकेगा। 30 सितम्बर के बाद किसी भी दशा में लघुशोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।